## खबर संक्षेप

### पंचायत द्वारा निर्मित दुकानों में आवारा पशुओं का डेरा

**बड़वारा।** जनपद पंचायत कार्यालय बड़वारा के समीप ग्राम पंचायत के माध्यम से बड़वारा में लाखों रुपये की लागत से दुकानों का निर्माण करवाया गया है किंतु उनमें सटर न लगाए जाने से आवारा मवेशियों का जमावड़ा लगता है जिससे दुकानों में गंदगी फैलती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पँचायत द्वारा दुकानों में अतिशीघ्र सटर लगवाकर नियमानुसार लोगों को दुकान उपलब्ध करवाई जाएं जिससे लोग अपने जीवन स्तर को सुधार कर अपना जीवन यापन कर सकें एवम अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकें।

### लापता महिला का जंगल में मिला कंकाल

**कटनी।** करीब दो माह से लापता एक महिला का कंकाल जंगल में मिलने से सनसनी फैल गई। टीकर-परसवारा के जंगल में महिला का कंकाल मिलने की सूचना पर एसडीओपी वीरेंद्र धार्वे, थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश शर्मा पुलिस अमले के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और कंकाल के अवशेष एकत्र कराए गए। मौके पर मौजूद गांजर निवासी गुप्ता परिवार ने मृतक की शिनाख्त सोमती बाई गुप्ता पति सोहन लाल गुप्ता के रूप में की है। मृतका के पति सोहनलाल गुप्ता ने बताया कि उसकी पत्नी मानसिक रूप से विक्षिप्त थी और 11 अप्रैल से अचानक लापता थी। परिजनों ने महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट कैमोर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस द्वारा महिला की पातासाजी की जा रही थी तो वहीं परिजन भी लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। खोजते खोजते बुधवार को परिजन टीकर-परसवारा के जंगल में पहुंचे जहां नरकंकाल पाया गया। कंकाल के पास मौजूद चूड़ियों और कपड़ों से मृतका की शिनाख्त सोमती बाई गुप्ता के रूप में परिजनों ने की।एसडीओपी वीरेंद्र धार्वे ने बताया कि कंकाल के अवशेष एकत्र करके पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ भेजा गया। प्रथम दृष्टया महिला की मौत किसी विषैले जीव जंतुओं के काटने से होने की संभावना है। महिला के हत्या होने जैसे कोई भी तथ्य नहीं मिले। पुलिस द्वारा मामले की विवेचना गंभीरता से की जा रही है। पीएम रिपोर्ट और जांच के बाद ही महिला की मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

बिना लाइसेंस बेच रहा था पुराने हॉलमार्क वाले गहने

## राजेंद्र नगर में में बीआईएस के अफसरों की छापेमारी ज्वेलर्स से 25 आभूषण और 4 बिल बुक जब्त





सतना

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की भोपाल शाखा की टीम ने शुक्रवार को सतना शहर के राजेन्द्र नगर इलाके में स्थित संस्कार ज्वेलर्स पर छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान दुकान से 25 ज्वेलरी आर्टिकल्स और 4 बिल बुक्स जब्त किए गए। दुकान में 2021 में प्रतिबंधित किए गए पुराने हॉलमार्क वाले गहने बेचे जा रहे थे,जबकि दुकानदार के पास बीआईएस से अधिकृत हॉलमार्किंग लाइसेंस भी नहीं था। बीआईएस के डिप्टी डायरेक्टर हरिओम मीणा ने बताया कि टीम ने निरीक्षण के दौरान पाया कि एचयूआईडी (HUID - Hallmark Unique Identification) कोड के बिना पुराने हॉलमार्क वाले गहने ग्राहकों को बेचे जा रहे थे। यह प्रथा 2021 से पूरी तरह प्रतिबंधित है और इसका उल्लंघन ग्राहक संरक्षण कानूनों के तहत दंडनीय अपराध है। हरिओम मीणा ने आगे बताया कि यह मामला अब न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीआईएस ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रहा है। शहर के अन्य ज्वैलर्स भी रडार पर हैं,जो पुरानी हॉलमार्किंग या फर्जी दस्तावेजों के जरिए ग्राहकों को गुमराह कर रहे हैं। टीम ने 25 ज्वेलरी आर्टिकल्स और 4 बिल बुक्स जब्त किए गए।

### क्या है हॉलमार्क ?

हॉलमार्किंग से यह सुनिश्चित किया जाता है कि कोई भी सोने या चांदी की ज्वेलरी मानक गुणवत्ता की है। 2021 के बाद बीआईएस ने एचयूआईडी अनिवार्य किया है,जिसमें हर गहने पर एक यूनिक कोड अंकित होता है। इससे फर्जीवाड़े और ग्राहकों से धोखाधड़ी को रोका जा सकता है। ग्राहकों को सलाह बीआईएस ने ग्राहकों से अपील की है कि वे ज्वेलरी खरीदते समय एचयूआईडी कोड जरूर जांचें और केवल लाइसेंस प्राप्त विक्रेताओं से ही गहने खरीदें। किसी भी संदेहजनक स्थिति में बीआईएस की हेल्पलाइन पर शिकायत की जा सकती है।

## अमरपाटन में एटीएम बूथ लूटने की योजना बनाने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**मैहर।** अमरपाटन पुलिस ने एटीएम बूथ लूटने की योजना बनाने के मामले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को मैहर एसपी ने इसका खुलासा किया। 12 और 13 मई की दरमियानी रात अमरपाटन थाना क्षेत्र में एटीएम बूथ में लूट की योजना बनाने वाले 2 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मास्टरमाइंड एक अरोपी अभी भी फरार है। पूरे मामले पर मैहर पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ चंचल नागर,सीएसपी राजीव पाठक,एसडीओपी प्रतिभा शर्मा की मौजूदगी में खुलासा किया है। एसपी सुधीर अग्रवाल ने बताया की आरोपियों के कब्जे से ग्राइन्डर मशीन ,प्लास और कटर जप्त किया गया है घटना में राजेन्द्र पटेल,जितेन्द्र पटेल दोनो निवासी खरमसेड़ा को गिरफ्तार किया गया है। वहीं रजनीश पटेल निवासी खरमसेड़ा फरार है जिसकी तलाश की रही है।

### समर्थन मूल्य पर तुअर उपार्जन के लिए पंजीयन अब 30 मई तक

**सतना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि भारत सरकार की प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में प्राईस स्कीम अंतर्गत तुअर उपार्जन पोर्टल पर फसल तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई से बढाकर अब 30 मई 2025 निर्धारित की गई है। पंजीकृत कृषकों एवं रकबे का सत्यापन 31 मई तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिये है।

## आरटीओ ने 28 बसों के चेक किए दस्तावेज




**सतना।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रेड सिग्नल पर खड़े लोगों को बस द्वारा कुचलने की घटना के बाद परिवहन विभाग गंभीर हो गया है। शुक्रवार को आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने कई वाहनों की जांच की। इस दौरान परमिट,फिटनेस,बीमा आदि कागज चेक किए गए। आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने बताया कि परिवहन आयुक्त के आदेशानुसार,व बरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सतना से नागौद रोड में वाहन चेकिंग की गई। जिसमे 28 बसों के परमिट,फिटनेस,बीमा,अन्य कागजात चेक किये गये। 05 बसों में आंशिक कमियां होने से 5000 रूपये राजस्व वसूल किया गया। 08 कॉलेज की बसों को भी चेक किया गया। कागजात सही पाए गये। साथ ही 01 ट्रक क्रमांक यूपी 96टी1425 बिना कागजात पाए जाने से नागौद थाने में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। परिवहन अधिकारी ने अपील की है कि बस मालिक अपने वाहनों के कागजात अपने वाहनो में रखे ताकि आम यात्री को परेशानी न हो। ताकि चलानी कार्यवाही से बचा जा सके।

## कलेक्टर ने किया गौ अभ्यारण्य का निरीक्षण

**सतना।** कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस ने शुक्रवार को चित्रकूट के बगदरा घाटी में प्रस्तावित गौ अभ्यारण्य के स्थल और झुरी नाला चित्रकूट का निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम पंचायत तिघरा पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और मौके पर मौजूद विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन,डीएफओ मयंक चांदीवाल,एसडीएम एपी द्विवेदी उपस्थित रहे।



## कोई सीज फायर नहीं हुआ है, भ्रम की स्थिति ना रहे, आज तिरंगा यात्राः महापौर

### पत्रकार वार्ता में मंत्री विजय शाह के विवादित बयान पर बोले- कोई कमेंट नहीं कर सकता

सतना



महापौर योगेश ताम्रकार ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया है कि कोई सीज फायर नहीं हुआ है,भ्रम की स्थिति ना रहे। उन्होंने बताया कि ना हमने युद्ध किया ना हमने युद्ध विराम घोषित किया। पाकिस्तान द्वारा हमारे माता बहनों का सिंदूर उजाड़ा गया,हमने ऑपरेशन सिंदूर से आतंकवादियों को नष्ट किया और हम अपने देश में वापस आ गए।उन्होंने बताया कि अमेरिका ने कहीं ना कहीं अपने आप को ज्यादा अच्छा सिद्ध करने के चक्कर में ट्रंप का एक स्टेटमेंट आया कि हमने सीजफायर के लिए दोनों को तैयार किया,लेकिन आज ही उनका स्टेटमेंट क्लियर आ गया कि हमने ऐसा कुछ नहीं किया। सीज फायर की सहमति आपस में बनी है।

### आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

महापौर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि भारतीय सेना की वीरता और ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता के सम्मान में राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए नागरिक कार्यक्रम के अंतर्गत 17 मई शनिवार को सतना में सर्व समाज के साथ ऐतिहासिक और भव्य तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। तिरंगा यात्रा गुरुनानक दरबार सिटी कोतवाली से सायंकाल 5 बजे से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए जय स्तम्भ चौक में संपन्न होगी। जिसका भारत माता के जयकारे के साथ समापन किया जाएगा। महापौर ने यह भी बताया कि 18 से 23 में तक जिले भर में यात्रा आयोजित की जाएगी। तिरंगा यात्रा में सभी जनपद निधि शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह यात्रा एक पार्टी एक दल धर्म की नहीं बल्कि सर्व समाज की तिरंगा यात्रा है। इसमें 10 से 15000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है।

### विजय शाह पर कुछ नहीं बोले

मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह द्वारा सेना के खिलाफ की गई टिप्पणी के मामले में महापौर ने कहा कि इस बारे में इतना कहना चाहता हूं कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया है। उस पर मेरा कमेंट करने का अधिकार नहीं है।

नियम विरुद्ध की गई सोलर लाइट खरीदी के प्रकरणों में की सख्त कार्यवाही

## प्रशासन का एक्शन : 9 पंचायतों से 21 लाख 69 हजार की होगी वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत के सीईओ एवं विहित प्राधिकारी शिशिर गेमावत ने विकासखंड ढीमरखेड़ा की 9 ग्राम पंचायतों में सोलर लाइट की नियम विरुद्ध खरीदी के प्रकरणों में सख्त कार्रवाई करते हुए मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 21 लाख 69 हजार रुपये की वसूली योग्य अधिरोपित राशि की कार्यवाही की है।

### इन पंचायतों पर हुई कार्यवाही

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत खाम्हा, घुघरी, बम्हनी, देवरी मंगेला, खम्हरिया, हरदी, अंतर्वेद, भमका और ग्राम पंचायत पचपेढी के तत्कालीन सरपंच और सचिव द्वारा भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करते हुए सोलर लाइट की खरीदी अनियमित व्यय की राशि वसूली का नोटिस जारी किया गया था, जिस पर आगे की कार्यवाही करते हुए वसूली योग्य अधिरोपित राशि जमा करने का नोटिस जारी किया गया।

### ढीमरखेड़ा की इन पंचायतों से इतनी राशि की होगी वसूली

विकासखंड ढीमरखेड़ा की जिन 9 ग्राम पंचायतों के द्वारा सोलर लाइट खरीदी भंडार क्रय नियमों के विरुद्ध की गई है उसमें ग्राम पंचायत खाम्हा के तत्कालीन सरपंच लीलाबाई एवं सचिव महेंद्र सिंह द्वारा 1 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 33 हजार, ग्राम पंचायत गोगरी तत्कालीन सरपंच प्रमोद गौतम एवं तत्कालीन सचिव रामदास बर्मन द्वारा 5 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 1 लाख 65 हजार, ग्राम पंचायत बम्हनी के तत्कालीन सरपंच राजाराम काछी एवं सचिव सुरेश चंद्र काछी के द्वारा 12 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 3 लाख 82 हजार की गई है। ग्राम पंचायत देवरी मंगेला के तत्कालीन सरपंच संतोष यादव व तत्कालीन सचिव धनेंद्र मिश्रा के द्वारा 7 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 2 लाख 31 हजार, ग्राम पंचायत खम्हारिया की तत्कालीन सरपंच मुन्नीबाई गुप्ता सचिव दीनू राम साहू के द्वारा 1 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 33 हजार, ग्राम पंचायत हरदी के तत्कालीन सरपंच साधना दीक्षित एवं सचिव राजेश गौतम के द्वारा 22 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 9 लाख 62 हजार, ग्राम पंचायत अंतर्वेद हीरालाल पाल एवं सचिव बशरुलहक द्वारा 1 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 33 हजार, ग्राम पंचायत भमका की तात्कालिक सरपंच चेनाबाई व सचिव हरभजन सिंह द्वारा 5 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 1 लाख 65 हजार और ग्राम पंचायत पचपेढ़ी की तात्कालिक सरपंच संपत बाई झरिया व सचिव रमेश झरिया के द्वारा 5 नग सोलर लाइट के विरुद्ध वसूली योग्य कुल अधिरोपित राशि 1 लाख 65 हजार है। जिसमें भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करने पर अनियमित व्यय वसूली की कार्रवाई के आदेश जिला पंचायत के सीईओ और विहित प्राधिकारी श्री शिशिर गेमावत मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम की धारा 89 के अंतर्गत राशि वसूली के आदेश जारी किये गए। उल्लेखनीय है कि वसूली योग्य अधिरोपित राशि का समानुपातिक रुप से निर्धारण किया गया है।

### 20 मई तक राशि जमा नहीं कराई तो होगी कार्यवाही

आदेश में उल्लेख किया गया है कि अनावेदकों द्वारा वसूली योग्य अधिरोपित राशि निर्धारित अवधि में निर्धारित मद ग्राम पंचायत के बैंक खाते में जमा करने की रसीद पेशी दिनांक 20 मई को 2 बजे स्वयं उपस्थित होकर प्रेषित करें। यदि राशि जमा करने की रसीद प्रस्तुत नहीं की जाती है तो मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 की उपधारा (1),(2) एवं (3) के तहत वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

## विकास एक सतत प्रक्रिया है, जो निरंतर चलती रहती है-राज्यमंत्री



फायर स्टेशन और पेवर्स रोड निर्माण का भूमिपूजन

**सतना।** नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी ने शुक्रवार को मुक्तिधाम के सामने महदेवा रोड़ धवारी वार्ड क्रमांक 32 में 33.74 लाख रूपये लागत राशि के फायर स्टेशन और वार्ड क्रमांक 31 में 16.83 लाख रूपये की लागत से बनने वाले पेवर्स रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस मौके पर महापौर योगेश ताम्रकार,स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी,निर्माण समिति के अध्यक्ष गोपी गेलानी,प्राचार्य आलोक त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री श्रीमती बागरी ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है,जो निरंतर चलती रहती है। किसी भी प्रकार के विकास कार्य को कराये जाने में समय लगता है,थोडी-बहुत परेशानी का भी सामना करना पडता है। लेकिन उस कार्य के पूर्ण हो जाने के बाद नागरिकों का जीवन सुगम और सुविधाजनक हो जाता है। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत होने वाले विकास कार्यों से किसी व्यक्ति का नहीं अपितु पूरे क्षेत्र के लिए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। राज्यमंत्री ने कहा कि धवारी में फायर स्टेशन के बन जाने से आस-पास के क्षेत्रों में होने वाली आगजनी की घटनाओं में तत्काल काबू पाया जा सकेगा। इससे समय भी बचेगा और नुकसान का भी खतरा कम रहेगा। उन्होंने कहा कि सतना नगर निगम के पास अपग्रेड सिस्टम का फायर ब्रिगेड मौजूद है। जो शहर के किसी भी क्षेत्र में तत्काल आगजनी की घटनाओं को रोकने में सक्षम है। राज्यमंत्री ने कहा कि वार्ड पार्षद सहित आप सब इन निर्माण कार्यों की निगरानी रखे। जिससे कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण हो सके। कार्यक्रम में महापौर योगेश ताम्रकार ने बताया कि मध्यप्रदेश में सतना पहला नगर निगम है,जो आईएसओ सर्टीफाइड है।नगर निगम सतना का फायर डिपार्टमेंट वॉकी-टॉकी से लेस है। धवारी में इस चौथे फायर स्टेशन के बन जाने के बाद शहर के चारों कोने में कही भी कोई अग्नि दुर्घटना होती है तो महज 8 से 9 मिनट के अंदर फायर बिग्रेड की गाडियां प्रभावित स्थल तक पहुंच सकती है। उन्होंने बताया कि सतना नगरनिगम के पास मध्यप्रदेश की चौथी हाइड्रोलिक फायर बिग्रेड है जो 50 फीट ऊपर तक जाकर आग बुझा सकती है।

### बसों की सघन जांच, 20600 रूपए वसूल किया समन शुल्क

**हरिभूमि न्यूजः कटनी।** पुलिस मुख्यालय द्वारा यात्री बसों एवं स्कूली बसों की चेकिंग हेतु 13 मई से 31 मई तक विशेष अभियान संचालित कर वैधानिक कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश के पालन में पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन के निर्देशन में यातायात प्रभारी राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा पन्ना नाका में वाहन चैकिंग लगाई जाकर 30 यात्री बसों की सघन चैंकिंग की गई। चैकिंग में मुख्य रूप से बस के आवश्यक दस्तावेज जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्राइवर, कंडक्टर का लाइसेंस, प्रेशर हॉर्न, अग्निशमन, फास्ट एड बॉक्स आदि की सघन चेकिंग की गई। 22 बसे नियमों का उल्लंघन कर परिवहन करती पाई गई। जिनके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए 20600 का समन शुल्क वसूल किया गया। यातयात थाना प्रभारी राहुल पांडे ने कहा की मुख्यालय के निर्देशों के तहत यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। गौरतलब है कि 12 मई को भोपाल के बाणगंगा चौराहे में स्कूल बस द्वारा अनियंत्रित होकर रेड सिग्नल पर खड़े वाहन चालकों को टक्कर मारने की दुखद घटना सामने आई थी।

### बारिश में करंट से बचने के लिये एडवायजरी जारी

**सतना।** मॉनसूनी मौसम के दौरान हवा में नमी के कारण करंट लगने की आशंका ज्यादा रहती है। करंट से लोगों की मौत हो जाती है। लेकिन ज्यादातर मौतों को टाला जा सकता है। ज्यादातर मौतें घरों में अर्थिंग नहीं होने या कमजोर अर्थिंग की वजह से होती है। अर्थिंग या तो स्थानीय स्रोत से प्राप्त की जा सकती है या घर पर ही गहरा गढ़डा खोदकर खुद बनाई जा सकती है। बारिश में बिजली से होने वाली दुर्घटनाओं से बचने के लिए विद्युत विभाग द्वारा एडवायजरी जारी की गयी है। जारी एडवायजरी में घर में अर्थिंग की उचित व्यवस्था रखें।हरे रंग के तार को हमेशा याद रखें,इसके बिना कभी बिजली उपकरण का प्रयोग न करें,खास कर जब यह पानी के स्रोत को छू रहा हो। पानी करंट के प्रवाह की गति को बढ़ा देता है,इसलिए नमी वाले माहौल में अतिरिक्त सावधानी रखें। दो पिन वाले बिना अर्थिंग के उपकरणों का प्रयोग न करें। तीन पिन वाले प्लग का प्रयोग करते समय ध्यान रखें कि तीनों तार जुड़े हों और पिनें खराब न हों।तारों को सॉकेट में लगाने के लिए माचिस की तीलियों का प्रयोग न करें। किसी भी तार को तब तक न छुएं,जब तक बिजली बंद न कर दी गई हो।अर्थिंग के तार को न्यूट्रल के विकल्प के तौर पर प्रयोग न करें।सभी जोड़ों पर बिजली वाली टेप लगाएं,न कि सेलोटेप या बेंडेड। गीजर के पानी का प्रयोग करने से पहले गीजर बंद कर दें। हीटर प्लेट का प्रयोग नंगी तार के साथ न करें। घर पर सूखी रबड़ की चप्पलें पहनें। घर पर मिनी सर्किट ब्रेकर और अर्थ लीक सर्किट ब्रेकर का प्रयोग करें। मेटलिक बिजली उपकरण पानी के नल के पास न रखें।रबड़ के मैट और रबड़ की टांगों वाले कूलर स्टैंड बिजली उपकरणों को सुरक्षित बना सकते हैं। केवल सुरक्षित तारें और फ्यूज का ही प्रयोग करें। अर्थिंग की जांच हर छह महीने में करते रहें। किसी भी आम टैस्टर से करंट के लीक होने का पता लगाया जा सकता है। फ्रिज के हैंडल पर कपड़ा बांध कर रखें। प्रत्येक बिजली उपकरण के साथ बताए गए निर्देश पढ़ें।

**खबर संक्षेप**

## ढोल नगाड़े के साथ निकाली तिरंगा रैली



**हरिभूमि न्यूज सिमरिया।** भारत ने पाकिस्तान को आतंकवाद के खिलाफ मुंह तोड़ जवाब दिया ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के संदर्भ में ग्राम दनवारा वासियों ने तिरंगा रैली निकाली! ग्राम दनवारा से देश की सेना को 6 सैनिक सेवा प्रदान कर रहे है। ग्राम दनवारा के रहने वाले सेना में पदस्थ सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी की पहल से 10वीं 12वीं के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ग्राम दनवारा के सचिन राजपूत ने छतरपुर जिला में टॉप कर पन्ना जिले के ग्राम दनवारा का नाम रोशन किया सचिन राजपूत का कहना है दनवारा ग्राम के सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी द्वारा समय-समय पर मानसिक आर्थिक और खेल कुंद जैसी प्रतियोगिताओं से प्रोत्साहन बढ़ाया जाता है साथ में



पुरस्कृत भी किया जाता है उनकी पहल से इस वर्ष आठ छात्र-छात्राओं ने 80 प्रतिशत के ऊपर अंक लाकर गांव का नाम रोशन किया जिसमे दो बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किये है (एक छात्रा ने 92 प्रतिशत और एक छात्र ने 96.6 प्रतिशत) सूबेदार साहब की अनुपस्थिति में हम सभी ग्राम वासियों ने पोस्टर में कर्नल सोफिया कुरैशी एवं बिंग कमांडर व्योमका सिंह और अपने ग्राम के सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी का चित्र बनवाकर ढोल नगाड़े के साथ भारत माता की जय वंदे भारत के नारे लगाते हुए बड़ी माता से दनवारा मोड़ तक रैली निकालकर यह संदेश दिया की एक सैनिक का सम्मान संपूर्ण देश के लिए सर्वोपरि है सूबेदार साब का एक ही सपना है क्षेत्र हो सर्वश्रेष्ठ अपना रैली में सभी ग्राम वासियों और छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर अपना योगदान दिया।

## महाराजा छत्रसाल जयन्ती की पूर्व संध्या पर होगा कवि सम्मेलन

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** बड़ा बाजार स्थित साई मंदिर के हॉल में महाराजा छत्रसाल जयन्ती की पूर्व संध्या पर दिनांक 28 मई 2025 को सांय 5.00 बजे से रात्रि 10.00 बजे कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुये लक्ष्मीनारायण चिरोलया ने कहा कि कवि सम्मेलन में नगर व जिले के समस्त कविगण सादर आमंत्रित हैं। कार्यक्रम के आयोजक लक्ष्मीनारायण चिरोलया ने साहित्यप्रेमी जनों, पत्रकार बन्धुओं सहित श्रोतागणों से कार्यक्रम में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## 4-4 वर्ष के दो बच्चे घर से हुए लापता

**तेंदूखेड़ा।** पाठादो पंचायत के तहत ग्राम बघा से अचानक दो बच्चे घर से गायब हो गए है। परिजनो के पता करने के बाद जब कहीं पता नहीं चला तो परिजना ने तेंदूखेड़ा थाने में गुमइंसान दर्ज कराया गया है। ज्ञात हो कि बुधवार की दोपहर लगभग 12 बजे नमन पिता मिलन गौड़ उम्र 4 वर्ष निवासी बघा थाना तेंदुखेड़ा जिला दमोह एवं देवांश पिता किशन गौड़ उम्र 4 वर्ष निवासी बघा थाना तेंदूखेड़ा जिला दमोह दोनो अचानक घर से कहीं चले गए। दोनो ही बच्चे एक ही परिवार के है भाई भाई के लडके है। तेंदूखेड़ा पुलिस ने गुमइंसान की कायमी कर तलाश में जुट गई है। साथ ही तेंदूखेड़ा पुलिस ने मो.नंबर. 7725818725 जारी कर लोगो से अपील की है कि अगर कहीं बच्चे दिखाई दे तो तत्काल सूचना करे।

# पन्ना टाइगर रिजर्व में मादा तेंदुआ शावक की मौत

**हरिभूमि न्यूज पन्ना। पन्ना टाइगर रिजर्व में परिक्षेत्र पन्ना बफर की झिन्ना बीट के कक्ष क्रमांक पी 282-283 की सीमा पर वन मार्ग में एक मादा तेंदुआ शावक का शव मिला है। मादा तेंदुआ शावक की आयु लगभग 4 माह बताई जा रही है। चिकित्स्कों द्वारा ऐसी आशंका जताई गई है कि मादा तेंदुआ शावक की मौत किसी अज्ञात बीमारी के कारण हुई है।**



क्षेत्र संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व कार्यालय से घटना के पांचवे दिन आज शुक्रवार को मिली जानकारी के मुताबिक विगत 12 मई को मृत तेंदुआ शावक का शव ग्रामीणों द्वारा देखा गया था, जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पार्क प्रबंधन को दी गई थी। सूचना पाकर परिक्षेत्र अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा पूरे क्षेत्र की सर्चिंग कराई गई। क्षेत्रीय वन मंडल सतना के श्वान दल के द्वारा भी मौके की सर्चिंग की गई। सर्चिंग उपरांत क्षेत्र संचालक एवं अन्य अमले की उपस्थिति में 13 मई को वन्य प्राणी चिकित्सक डॉक्टर संजीव कुमार गुप्ता एवं अजयगढ़ के पशु चिकित्सक डॉक्टर मोतीलाल प्रजापति के द्वारा मादा तेंदुए शावक का शव परीक्षण किया जाकर समस्त अंगों को जलाकर विनष्टीकरण किया गया। प्रथम दृष्टया चिकित्सकों का मानना है कि तेंदुए शावक की मृत्यु किसी बीमारी से होना प्रतीत हो रही है। शावक के अंगों के सैंपल जांच हेतु शोध संस्थान में भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत ही तेंदुआ शावक के मौत की असल वजह का खुलासा हो सकेगा।

# बच्चों की रचनात्मक और अंतर्मुखी प्रतिभाओं को मिला समर कैंप से बल

### संदीपनी उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ समर कैंप





**हरिभूमि न्यूज पवई।** मध्य प्रदेश राज्य शिक्षा केंद्र और मध्य प्रदेश शासन के द्वारा एक मई से पंद्रह मई 2025 तक प्रदेश के शासकीय विद्यालयों में समर कैंप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु उनकी रुचि के अनुसार खेल गायन, वादन, नृत्य, चित्रकला कंप्यूटर शिक्षा, स्पोकन इंग्लिश तथा कला कौशल जैसी अंतर्मुखी प्रतिभाओं के विकास पर बल दिया जाता है। इसी के तहत पवई के संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भी एक मई से पंद्रह मई तक सुबह आठ बजे से ग्यारह बजे तक समर कैंप का आयोजन किया गया,गुरुवार को मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र पटेल, विशिष्ट अतिथि जमुना प्रसाद और विकास खंड शिक्षा अधिकारी राम भुवन बागरी की अध्यक्षता में समापन कार्यक्रम संपन्न हुआ,जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा विभिन्न विधाओं जैसे खेल, गायन, वादन नृत्य स,चित्रकला आदि में बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा इसका प्रदर्शन किया, इसमें भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और मैडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य राकेश श्रीवास्तव, श्रीमती संध्या पटेल, पूर्व प्रधानाध्यापक जेडी श्रीवास्तव, कन्या शाला के प्राचार्य रामचरण गुप्ता, श्रीमती आशा मिश्रा, श्रीमती सुचिता नामदेव, प्रहलाद नामदेव सहित विद्यालय के शिक्षक पत्रकार गण एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सुख सागर कुंवर ने किया।

## पन्ना पुलिस सीमावर्ती जंगलों में बदमाशों की मूवमेंट रोकने हेतु चलाया गया सघन कॉम्बिंग गश्त अभियान



### पन्ना पुलिस ने ग्रामीणों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा, ग्रामीणो से की गई सतर्कता की अपील

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** जिले की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा उत्तर प्रदेश एवं सतना जिले की सीमा से लगे जंगलों में बाहरी अपराधियों की संभावित गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री साईं कृष्ण एस. थोटा के कुशल निर्देशन में पन्ना जिले के उत्तर प्रदेश (बांदा) एवं मध्यप्रदेश (सतना) की सीमा से लगे क्षेत्रों में बाहरी बदमाशों की संभावित गतिविधियों की रोकथाम हेतु एक सघन कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं अनु0 अधि0 पुलिस अजयगढ़ राजीव सिंह भदौरिया के नेतृत्व में यह ऑपरेशन थाना बृजपुर एवं धरमपुर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना बृजपुर के पहाड़ी खेरा चौकी क्षेत्र के सघन जंगलों और उससे लगे



सीमावर्ती ग्रामों में चलाया गया। यह इलाका उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के कालिंजर थाना क्षेत्र और मध्यप्रदेश के सतना जिले के बरौधा थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जहाँ आपराधिक तत्वों के आवागमन की संभावनाएँ बनी रहती हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य जंगलों में छिपे संभावित अपराधियों की खोजबीन और क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना रहा। पुलिस बल द्वारा जंगलों में गहराई तक जाकर संभावित मूवमेंट एरिया की सर्चिंग की गई। इस दौरान ग्रामीण अंचलों में भ्रमण कर वहाँ के नागरिकों से भी संवाद स्थापित कर हाल में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर पुलिस को सूचित करने हेतु जागरूक किया गया। पन्ना पुलिस द्वारा लोगो को विश्वास दिलाया गया कि पन्ना पुलिस सदैव आपके साथ है। इस अवसर पर ग्रामीणों को पुलिस अधिकारियों के मोबाइल नंबर, थानों के हेल्पलाइन नंबर, तथा गांवों के प्रमुख प्रतिनिधियों के संपर्क नंबरों का आदान-प्रदान भी किया गया ताकि सूचना तंत्र को मजबूत किया जा सके एवं किसी भी आपात स्थिति में त्वरित सूचना एवं सहयोग सुनिश्चित हो सके। पुलिस बल ने ग्रामीणों को सतर्क रहने, अफवाहों से बचने, और पुलिस के साथ तालमेल बनाए रखने का अनुरोध किया। जंगल सर्चिंग में पुलिस टीम ने बदमाशों के संभावित छिपने और मूवमेंट वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा क्षेत्रीय नागरिकों से अपील की गई कि "यदि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, संदिग्ध व्यक्ति या बाहरी बदमाशों की मूवमेंट की जानकारी मिलती है तो कृपया तत्काल नजदीकी पुलिस थाना / पुलिस कन्ट्रोल रूम पन्ना अथवा डायल 100 पर संपर्क करें। आपकी सतर्कता और सहयोग से ही हम एक सुरक्षित एवं अपराधमुक्त समाज की ओर बढ़ सकते हैं।"

# थाना धरमपुर क्षेत्र में एक डीसीएम ट्रक में 38 नग मवेशियों को क्रूरतापूर्वक भरकर परिवहन करने वाले आरोपियों के विरूद्ध की वैधानिक कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना/ चौकी प्रभारियों को पशु तस्करो के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर थाना प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक पन्ना के आदेशानुसार जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने - अपने थाना क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलवीर सिंह को दिनांक 16/5/2025 जरिये सउनि विक्रम सिंह चौकी प्रभारी नरदहा द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक डीसीएम वाहन (कंटेनर) में कुछ मवेंशी पशुओं को क्रूरता पूर्वक भर कर अवैध रूप से परिवाहन कर ले जाये जा रहे हैं। थाना प्रभारी धरमपुर द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी धरमपुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना तस्दीक हेतु कालिंजर नरैनी मेन राजा ढाबा के सामने गुलाबीपुर में वाहनो को चेक किया गया। दौरान वाहन चेकिंग एक क्ब्ड वाहन जिसका रजिस्ट्रेसन नम्बर डभ्40ब्ज8534 को चौक किया गया जो वाहन में चालक के अलावा बगल की सीट में दो व्यक्ति बैठे वाहन को चौक किया तो उक्त डीसीएम वाहन में 34



नग भैस एवं 04 नग पडा जिनके पैर रस्सी से बंधे क्रुरता पूर्वक ठूँस ठूँस कर दो परत में भरे हुये पाये गये वाहन चालक एवं बैठे दोनो व्यक्ति के नाम पता पूछे गये जो चालक ने अपना नाम एसान कुरैशी पिता मोहम्मद याशीन कुरैशी उम्र 38 साल निवासी ग्राम भट्ठा मोहल्ला सूरज बडगैया के मकान के पास मदन मोहन चौबे वार्ड मुरवारा कटनी थाना रगनाथ नगर जिला कटनी म.प्र. व वगल में बैठे दोनो व्यक्ति मे से एक में जुनेद खान पिता अनीष खान उम्र 24 साल निवासी तावली थाना शाहपुर जिला मुजफ्फर नगर उ.प्र. व दूसरे ने शईम पिता सलीम खान उम्र 20 साल निवासी जुबियाकाफ थाना एन.के.जे. जिला कटनी म.प्र. के होना बताये। वाहन में भरे पशुओ के वारे में पूँछा गया जो बाजार में बेचने हेतु ले जाना बताये व पशु परमिट मांगे गये जो नही होना बताये जो वाहन चालक व अन्य दोनो व्यक्तियो का कृत्य अपराध धारा 11(घ) पशु क्रुरता अधिनियम एवं 66ए/192 मो.व्ही.एक्ट के तहत दण्डनीय अपराध पाये जाने से वाहन क्र. डभ्40ब्ज8534 कीमती 30,00,000 रुपये एवं वाहन में भरे हुये 38 नग पशु (भैंस, पडा) कीमती 9,30,000 रुपये (वाहन एवं पशुओ की कुल कीमत 39,30,000 रुपये) की मुताविक जप्ती पत्रक के जप्त कर कव्जे पुलिस लिया गया । आरोपीगणो के विरूद्ध थाना धरमपुर में अप.क्र 150/2025 धारा 11(1)(घ) पशु क्रूरता अधि. 66(1), 192 मो.व्ही.एक्ट का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया है ।

जप्त सामग्री - पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से एक क्ब्ड ट्रक क्र. डभ्40ब्ज8534 कीमती करीब 30,00,000 रुपये, 34 नग भैंस कीमती करीब 8,50,000 रुपये , 04 नग पड़ा कीमती करीब 80,000 रूपये कुल मशरूका कीमती करीब 39,30,000 रुपये का जप्त किया गया है ।

**नाम पता आरोपीगण-**

**1. एसान कुरैशी पिता मोहम्मद याशीन कुरैशी उम्र 38 साल निवासी ग्राम भट्ठा मोहल्ला सूरज बडगैया के मकान के पास मदन मोहन चौबे वार्ड मुरवारा कटनी थाना रगनाथ नगर जिला कटनी म.प्र. ( चालक)**

**2. जुनेद खान पिता अनीष खान उम्र 24 साल निवासी तावली थाना शाहपुर जिला मुजफ्फर नगर उ.प्र.**

**3. शईम पिता सलीम खान उम्र 20 साल निवासी जुबियाकाफ थाना एन.के.जे. जिला कटनी म.प्र.**

**सराहनीय योगदान-**

उपरोक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलवीर सिंह, सउनि विक्रम सिंह (चौकी प्रभारी नरदहा), प्र.आर. खेमचन्द्र राय, अशोक कुमार प्रजापति, जीतेन्द्र मिश्रा, राजेंद्र तिवारी, आर. अजीत यादव, गिरधारी साहू, प्रभुदयाल, चालक आर. प्रशान्त पाठक का सराहनीय योगदान रहा। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उपरोक्त पुलिस टीम को पुरुस्कृत किये जाने की घोषणाकी गई है।

# दहेज मुक्त अभियान में दिया संदेश

**एयर फोर्स आर्मी मैकेनिकल इंजीनियर देशपाल लोधी ने दहेज मुक्त दिशा को दिया संदेश स्वयं की शादी में 13 लाख रूपये वधु पक्ष को किये वापिस महज पांच रूपये के नेग से सम्पन्न हुई शादी। देश में ही सेवा का संकल्प का जजबा लिये हुए जीवन में भी अलग ही संदेश समाज को देने में एयर फोर्स में मैकेनिकल इंजीनियर देशपाल लोधी ने अपनी स्वयं की शादी में 13 लाख रूपये बधु पक्ष से जो मिले उसे वापिस किया। दहेज मुक्त शादी करने में महज पांच रूपये के नेक से रचाई शादी। युवाओं को प्रेरणादायी संदेश यह है हमारी सेना के संस्कार जो देश की सुरक्षा ही नहीं बल्कि संस्कारों को भी बनाये रखते हुए युवाओं के लिए प्रेरणादायी दिशा दी जाती है। जो देशपाल लोधी ने स्वयं की शादी में दहेज मुक्त प्रथा को बनाने के लिए दिया संदेश।**



**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** मंगलवार को रॉयल गार्डन पन्ना में लोधी समाज की वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें वर पक्ष एवं कन्या पक्ष के अभिभावकों परिजनों की सहमति से समाजिक स्तर पर दहेज मुक्त शादी रचाकर समाज में संदेश देते हुए दहेज लोभियों को करारा जवाब देने के साथ सरकार के संदेश दहेज मुक्त विवाह के नारे को आत्मसात करने का काम किया है। एयर फोर्स आर्मी मैकेनिकल इंजीनियर लोधी देशपाल सिंह राजपूत परनियापुरवा तहसील अजयगढ़ जिला पन्ना का लगुनोत्सव कार्यक्रम आदि सनातन धर्म सभा समन्वय मिशन की पद्धति से सम्पन्न कराया। बधू पक्ष सौभाग्यवती पुष्पा सिंह महदेल पन्ना के पक्ष से स्वेच्छा पूर्वक लगुनोत्सव में लगभग 13 लाख रुपए नकद राशि उपहार स्वरूप लगुन पत्रिका के साथ रखे गए थे। लेकिन वर पक्ष एवं स्वयं देशपाल सिंह ने नकद राशि में से सिर्फ पांच रुपए का सिक्का लगुन पत्रिका के साथ स्वीकार किया ।और बाकी राशि लौटाते हुए दहेज न लेने की अपनी इच्छा जाहिर करते हुए समाज में संदेश दिया कि नकद राशि दहेज की राशि मानी जाती है अतः जिन्हें अपनी बेटी को नकद राशि के रूप में देना है तो उसके नाम पर बैंक एफडी या गहने जेवर के रूप में देना चाहिए। जो उनके भविष्य के काम आयेगा।वर पक्ष को नकद राशि देकर अनाप-शनाप खर्च के लिए प्रेरित नहीं करना चाहिए वर पक्ष एवं वधू पक्ष को अपनी सामर्थ्य के अनुसार विवाह सम्पन्न करना चाहिए अपनी जमीन जायदाद बेचकर या कर्ज लेकर कोई भी माता पिता या भाई अपनी बहन बेटियों एवं बेटों का विवाह न करें ऐसी हमारी सोच है सभी उपस्थित समाज जनों ने देशपाल सिंह को आशीर्वाद एवं धन्यवाद दिया। दिनांक 14 मई 2025 की रात्रि पन्ना में रायल मैरिज गार्डन से विवाह कार्यक्रम सम्पन्न होगा। सभी बन्धुओं से आशा है कि ऐसे युवाओं को अपना समर्थन एवं आशीर्वाद प्रदान करें जो समाज में एक नई सोच और शुरुआत करने का साहस जुटाते हैं। मैं ऐसे वर वधु को उज्जवल भविष्य हेतु शुभकामनाएं आशीर्वाद प्रदान करता हूं।

# देवेंद्रनगर में मनाया गया राष्ट्रीय डेंगू दिवस

**हरिभूमि न्यूज, देवेन्द्रनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर में सीबीएमओ डॉक्टर अभिषेक जैन की अध्यक्षता में दिनांक 16 मई 2025 को डेंगू दिवस मनाया गया। डॉ जैन द्वारा डेंगू दिवस के उपलक्ष में डेंगू के बारे में गहराई से जानकारी देते हुए बताया गया कि डेंगू ऐडीज मच्छर के काटने से होता है ऐडीज मच्छर दिन के समय मैं काटता है इसमें अचानक तेज बुखार सर दर्द होना मांसपेशियों तथा जोड़ों में दर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना ,जो की आंखों को घुमाने से बढ़ता है जीमच लाना ,उल्टी होना, गंभीर मामलों में नाक मुंह मसूड़े से खून आना, त्वचा पर चकते उभर आना, यह सामान्य लक्षण देखने को मिलते हैं इस प्रकार के लक्षण यदि दिखाई देते हैं तो आप तुरंत ही नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर के निशुल्क इलाज लेवे एवं जांच करावे डेंगू बुखार से बचने के लिए श्री कमलेश प्रजापति उजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर द्वारा विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि मच्छर से फैलने




वाले वॉहक जनित रोग डेंगू चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से सुरक्षा के लिए मच्छर के काटने से बचाना सबसे अच्छा उपाय है इसमें बताया गया की वर्षा काल में जगह-जगह पानी इकट्ठा हो जाने से मच्छरों की उत्पत्ति वा वृद्धि हो जाती है यह मच्छर रोगी व्यक्तियों को काटने पर संक्रमित हो जाते हैं वह संक्रमित मच्छर स्वस्थ व्यक्ति को काटने से डेंगू चिकनगुनिया रोग का प्रसार करते हैं इन बीमारियों का बचाव पानी में पैदा होने वाले मच्छरों के लारवा के नियंत्रण से ही प्रारंभ हो जाता है लार्वा पाए जाने वाले निम्न स्थानों जैसे मच्छर के लार्वा कूलर में भरा पानी ,पानी की टंकी ,पक्षियों के पीने के पानी का बर्तन ,फ्रिज, ट्रे, फूलदान, इत्यादि मैं पनपते है उक्त को प्रति सप्ताह खाली करते रहे और उन्हें धूप में सुखाकर प्रयोग करें नारियल का खोल, टूटे हुए बर्तन ,टायरों, मैं अपनी जमा ना होने दे, घरों के दरवाजे व खिड़कियों में जाली ,पर्दे, लगाए पैर में मौजे ,और दिन में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें ,डॉ जैन द्वारा आमजने से अपील करते हुए कहां है कि आपके सहयोग से ही मलेरिया डेंगू चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का बचाव संभव है इस कार्यक्रम में श्रीमती संध्या सिंह, सोनम अवस्थी, अमोल मानके, कौशल बागरी,नरेंद्र यादव आदि स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# खरीदी केन्द्र कृषि उपज मण्डी भरवारा रैपुरा से राई (सरसों) चोरी करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**हरिभूमि न्यूज पन्ना।** फरियादी खरीदी केन्द्र कृषि उपज मण्डी भरवारा रैपुरा द्वारा थाना रैपुरा उपस्थित आकर रिपोर्ट की गई की जब मै एवं चौकीदार दिनांक 26.04.25 को दिन मे उपार्जित हो चुका माल राई(सरसों) को बोरिंयो मे सिलकर टीन सेड के नीचे रखवाकर रात्रि मे सो रहे थे तभी रात्रि मे करीब 1:30 बजे टीन शेड के पास शोर-गुल की आवाज सुनाई दी तभी मै एवं चौकीदार टीन शेड मे रखी सरसों की बोरियों के पास जाकर देखा तो कुछ लोग भागते दिखे एवं सरसों की बोरिंयो की जांच करने पर वहां 21 बोरिंया जिसमे 10 क्विंटल 50 किलो सरसों राई रखी थी वहां नही थी कोई अज्ञात व्यक्ति दिनांक 26-27/04/25 की दरम्यानी रात्रि को चोरी कर ले गये है। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना रैपुरा मे चोरी का अपराध क्रमांक 91/25 कायम किया जाकर विवेचना मे लिया गया एवं उक्त घटना की जानकारी थाना प्रभारी रैपुरा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना साईं कृष्ण एस. थोटा द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये मामले मे विशेष पुलिस टीम गठित कर आरोपियों की गिरफ्तारी एवं चोरी गये



मशरूका के बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान एवं एस.डी.ओ.पी. पवई राजेन्द्र मोहन दुबे के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी रैपुरा उनि. संतोष सिंह यादव के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपियों की लगातार तलाश पतारसी की गई एवं आसपास के क्षेत्रो मे इस तरह की घटना कारित करने वाले संदिग्ध व्यक्तियो से पूछताछ की गई साथ हि मुखविर तंत्र को सक्रिय किया गया। जिसके फलस्वरूप थाना प्रभारी रैपुरा को उक्त घटना मे संलिप्त कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के ग्राम पुरैनी थाना रैपुरा मे होने की मुखविर सूचना प्राप्त हुई मुखविर सूचना की तस्दीक कर पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये ग्राम पुरैनी से 04 संदिग्ध व्यक्तियों को अभिरक्षा मे लिया गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्तियो से घटना के सम्बंध मे कड़ाई से पूछताछ किये जाने पर उक्त व्यक्तियों दवारा खरीदी केन्द्र कृषि उपज मण्डी भरवारा से राई(सरसों) से भरी 21 बोरियां (वजनी 10 क्विंटल 50 किलो) को पांच साथियों के द्वारा आपस मिलकर चोरी किया जाना स्वीकार किया गया। जिस पर पुलिस टीम द्वारा उक्त आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई 15 बोरिंयो मे 07 क्विंटल 50 किलो राई सरसों एवं घटना मे प्रयुक्त सायकिल को जप्त कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुये माननीय न्यायलया मे पेश किया गया। मामले मे एक आरोपी फरार है जिसकी तलाश पुलिस टीम द्वारा की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल में सिक्योरिटी गार्ड के साथ मरीज के परिजनों ने की अभद्रता

छतरपुर। जिला अस्पताल में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें मरीज के परिजनों द्वारा सिक्योरिटी गार्ड को गालियां दी जा रही हैं। घटना महाराजपुर थाना क्षेत्र के दीवानजू का पुरवा निवासी मुकेश पुत्र भगवत पटेल उम्र 22 वर्ष से जुड़ी है, जिसने जहरीला पदार्थ खा लिया था। परिजन उसे इमरजेंसी वार्ड में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे ऊपरी मंजिल पर इलाज के लिए भेजा। इमरजेंसी में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सिक्योरिटी गार्ड ने एक गेट बंद किया था, जिससे नाराज परिजनों ने गार्ड को बुरी-बुरी गालियां देना शुरू कर दिया। वीडियो में गार्ड बार-बार गाली न देने की अपील करता दिख रहा है। इस घटना ने अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था और परिजनों के व्यवहार पर सवाल खड़े किए हैं। पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण

छतरपुर। नगर पालिका के सभाकक्ष में शुक्रवार को सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स के लिए आपदा प्रबंधन पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। होमगार्ड अधिकारियों द्वारा दिए गए इस प्रशिक्षण में शहर के वॉलंटियर्स को आपदाओं से निपटने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के तौर-तरीके सिखाए गए। नगर पालिका के राजस्व प्रभारी राजेंद्र नापित ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य वॉलंटियर्स को आपात स्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने के लिए तैयार करना था। होमगार्ड अधिकारियों ने आग, बाढ़, भूकंप जैसी आपदाओं से बचाव, प्राथमिक उपचार और राहत कार्यों की तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण में वॉलंटियर्स को नागरिकों की सुरक्षा के लिए विशेष उपायों पर भी जोर दिया गया। इस पहल को स्थानीय स्तर पर आपदा प्रबंधन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया जा रहा है।

### पीडब्ल्यूडी विभाग के बाहर ट्रांसफार्मर में लगी आग

छतरपुर। महल रोड पर पीडब्ल्यूडी विभाग के सामने शुक्रवार को भीषण गर्मी और तेज तापमान के कारण एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने के बाद उन्होंने तत्काल मध्यप्रदेश विद्युत मंडल को फोन किया, लेकिन पहले कॉल नहीं उठा और बाद में नंबर व्यस्त रहा। नाराज स्थानीय लोगों ने एमपीईबी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की, जिसके बाद कुछ कर्मचारी मौके पर आए और पत्तों की मदद से आग बुझाने की कोशिश की। करीब 30 मिनट की देरी के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया। इस देरी को लेकर लोगों में भारी नाराजगी देखी गई। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और विद्युत विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाए और मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रांसफार्मर को नुकसान पहुंचा। पुलिस और विद्युत विभाग मामले की जांच कर रहे हैं।

### परिवहन और यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

छतरपुर। मध्य प्रदेश शासन, उच्च न्यायालय और पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 13 मई से 31 मई 2025 तक चल रहे विशेष चेकिंग अभियान के तहत यातायात पुलिस और जिला परिवहन विभाग ने संयुक्त रूप से स्कूल, कॉलेज और लोक परिवहन बसों की सघन जांच की। आज महोबा रोड पर अभियान के दौरान 13 लोक परिवहन बसों पर मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर चालानी कार्रवाई की गई। अभियान में स्कूल बसों के लिए निर्धारित मानकों की जांच की जा रही है, जिसमें बस का रंग, स्कूल का नाम, मोबाइल नंबर, खिड़कियों पर ग्रिल, प्राथमिक चिकित्सा किट, और आग बुझाने का यंत्र शामिल है।

### पुलिस पर लगे एफआईआर न दर्ज करने का आरोप

# आम तोड़ने के विवाद में सगे भाइयों के परिवारों में खूनी संघर्ष



चंदला। थाना क्षेत्र के ग्राम बंजारी में पैतृक जमीन पर लगे आम के पेड़ को लेकर दो सगे भाइयों के परिवारों के बीच विवाद ने शुक्रवार सुबह खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस झड़प में एक पक्ष से पांच और दूसरे पक्ष से दो लोग घायल हुए हैं। एक पक्ष ने चंदला पुलिस पर एफआईआर दर्ज न करने का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक एसपी कार्यालय में शिकायती आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

बंजारी निवासी नरेंद्र अवस्थी ने बताया कि उनके और उनके बड़े भाई के बीच पैतृक जमीन पर लगे आम के पेड़ को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था। नरेंद्र का कहना है कि पेड़ में उनका भी हिस्सा है। बड़े भाई ने अपने हिस्से से अधिक आम पहले ही तोड़ लिए। इसके बावजूद, जब नरेंद्र के बच्चों ने पेड़ से आम तोड़े, तो बड़े भाई के परिवार ने अनर्गल बातें कहीं, जिससे तनाव बढ़ गया। दो-तीन दिनों से दोनों पक्षों के बीच कहासुनी चल रही थी। इसकी जानकारी चंदला थाना पुलिस को दी गई थी, जिसने मौके पर पहुंचकर सुलह करा दी थी। शुक्रवार सुबह विवाद फिर भड़क उठा। नरेंद्र ने आरोप लगाया कि बड़े भाई के परिवार के महेश, भईयन, सूरज प्रसाद, पार्वती, मोहन, शिब्बू और ठुल्ला ने उन पर और उनके परिवार पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों पक्षों के सात लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर 100 डायल पुलिस मौके पर पहुंची। पायलट धर्मेंद्र तिवारी और आरक्षक रामनरेश राजपूत ने घायलों को 100 डायल की गाड़ी से चंदला स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। नरेंद्र ने बताया कि वे चंदला थाने गए, लेकिन पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की और कहा कि पहले एमएलसी कराएं। यदि जांच में चोटें पाई गईं, तभी रिपोर्ट दर्ज होगी। इससे नाराज नरेंद्र ने दोपहर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई और मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

# जमीनी विवाद के चलते दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प



**बमीठा।** थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुरा में शुक्रवार को एक जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। बताया गया है कि हरपुरा निवासी नन्नी बाई रजक और जनपद सदस्य प्रकाश कुशवाहा के बीच चल रहे विवाद के दौरान शुक्रवार को पटवारी और राजस्व निरीक्षक जमीन की नपती के लिए मौके पर पहुंचे थे। इसी दौरान दोनों पक्षों में तनाव बढ़ गया और विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। प्रकाश कुशवाहा और उसके समर्थकों ने रजक परिवार के लोगों पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। इस झड़प में दोनों पक्षों के दर्जनों लोग, जिनमें महिलाएं और पुरुष शामिल हैं, घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। मामला बमीठा थाने पहुंचा, जहां पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# पुलिस पर लगे चोरी की एफआईआर दर्ज न करने के आरोप



छतरपुर। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के पन्ना रोड पर ओम साई राम होटल के पीछे स्थित नंदकिशोर यादव के घर में गत 9 और 10 मई की दरमियानी रात चोरों ने सेंधमारी की थी। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने जेवरात और नगदी सहित करीब साढ़े चार लाख रुपये की चोरी की। इस घटना की शिकायत नंदकिशोर यादव ने सिविल लाइन थाने में लिखित आवेदन देकर की थी, लेकिन पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है। पीड़ित शुक्रवार को दोबारा सिविल लाइन थाने पहुंचे और एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। नंदकिशोर ने बताया कि उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में चोरों की गतिविधियां रिकॉर्ड हो गई हैं, जिससे पुलिस को जांच में मदद मिल सकती है। उन्होंने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि शिकायत के एक सप्ताह बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

# शिक्षक की पैतृक जमीन पर किया जा रहा कब्जे का प्रयास

भाजपा नेता पर लगे गुंडे भेजकर मारपीट करवाने के आरोप



छतरपुर। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रेडियो कॉलोनी के पीछे मौजूद एक शिक्षक की पैतृक जमीन पर कुछ दबंगों द्वारा कब्जे का प्रयास किए जाने और विरोध करने पर मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित शिक्षक का आरोप है कि एक भाजपा नेता ने गुंडे भेजकर मारपीट करवाई है, जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। फरियादी शिक्षक घनश्याम पटेल ने आरोप लगाया है कि भाजपा नेता भागीरथ पटेल द्वारा गुंडे भेजकर उनकी पैतृक जमीन पर जबरन पिलर बनवाए जा रहे थे। जब वह विरोध करने पहुंचा तो उसके साथ मारपीट की गई। घनश्याम के मुताबिक आरोपियों ने उसके साथ-साथ उसके भाई अशोक कुमार पटेल और एक अन्य साथी के साथ मारपीट की है। घटना के बाद धनश्याम ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर शिकायत की जिस पर पुलिस ने आरोपी अरविंद यादव और लखन पटेल के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(2), और 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने घायलों की एमएलसी कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दबंगों के कारण घर नहीं जा पा रहा परिवार

पुलिस अधीक्षक को सुनाई फरियाद, लगाई न्याय की गुहार



छतरपुर। **बमीठा थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते एक परिवार को दबंगों द्वारा मारपीट कर घर से भगा दिया गया है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि रसूखदार लोगों के समर्थन वाले हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी है, जिसके डर से वे तीन दिन से घर नहीं गए हैं।**

पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित जागेश्वर विश्वकर्मा निवासी ग्राम चंद्रनगर ने बताया कि गत 13 मई को गांव के दबंगों ने उसके परिवार के साथ मारपीट कर घर से भगा दिया था। जागेश्वर के मुताबिक, विवाद की जड़ उसका मुख्य सड़क पर स्थित मकान है, जिसे आरोपी तुड़वाना चाहते हैं, क्योंकि उनका मकान इसके पीछे है। मारपीट और धमकियों के कारण परिवार भयभीत है। शुक्रवार को पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय में आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### नीलगाय से टकराए बाइक सवार युवकों की दर्दनाक मौत

गढ़ीमलहरा। थाना क्षेत्र के ग्राम बारी के पास शुक्रवार की सुबह हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों और एक नीलगाय की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब बाइक सवार छतरपुर की ओर जा रहे थे और अचानक सामने आई नीलगाय से उनकी बाइक टकरा गई। मृतकों की पहचान उत्तर प्रदेश के कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के कराटा खोरड़िया निवासी समी पुत्र देशराज बसोर (23 वर्ष) और विनय पुत्र सुखदेव बसोर (20 वर्ष) के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, और दोनों युवकों व नीलगाय की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही गढ़ीमलहरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया, पंचनामा तैयार किया और दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### त्रि स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के रजिस्ट्रीकरण, सहा. रजिस्ट्रीकरण एवं अपील अधिकारी नियुक्त

छतरपुर। राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र के द्वारा म.प्र. पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 14 के अंतर्गत त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन के लिए संबंधित ग्राम पंचायतो के लिए 1 जनवरी 2025 की संदर्भ तारीख के आधार पर पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के सतत पुनरीक्षण के लिए कार्यक्रम घोषित कर दिया गया हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचा.) (स्था.निर्वा.) पार्थ जैसवाल ने कार्यक्रमानुसार फोटोयुक्त मतदाता सूची तैयार करने के लिए म.प्र. पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 42 सहपठित म.प्र. पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 2(ख), 9(2) अन्तर्गत निम्नानुसार रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपील अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जनपद पंचायत बक्सवाहा के ग्राम पंचायत भुजपुरा, बिजावर के अनगौर, देवरा एवं राजनगर के बम्हौरीबहादुर जू, बेड़री, नांद, पीरा और जनपद पंचायत बड़ामलहरा के ग्राम पंचायत कुटौरा, बम्हौरीखुर्द, मवई, हरदौपट्टी, झिंगरी, बरेठी, राजापुर, गरखुवां, महाराजगंज, पनया के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संबंधित एसडीएम एवं सहा. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार को नियुक्त किया गया है। साथ ही अपील अधिकारी अपर कलेक्टर रहेगें।

# जंक फूड और आइसक्रीम से परहेज करें: डॉ. कविता तिवारी



छतरपुर। जिले में बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी के बीच बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। जिला अस्पताल की चिकित्सक डॉ. कविता तिवारी ने बच्चों को गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम में बच्चों में पानी की कमी, दस्त, बुखार और फ्लू जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, जो उनकी सेहत के लिए गंभीर हो सकता है।

डॉ. तिवारी ने सलाह दी कि बच्चों को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक, जब धूप और गर्मी अपने चरम पर होती है, घर के अंदर रखना चाहिए। यदि बच्चे बाहर खेलने जाते हैं, तो माता-पिता को यह सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें हर 20-30 मिनट में पानी या अन्य तरल पदार्थ पिलाया जाए। गर्मी के कारण बच्चों के शरीर में पानी की कमी जल्दी हो सकती है, जिससे कमजोरी और अन्य समस्याएं हो सकती हैं। खान-पान के बारे में डॉ. तिवारी ने जोर दिया कि बच्चों को ताजा, घर का बना और साफ-सुथरा भोजन ही देना चाहिए। बाहर का जंक फूड, जैसे बर्गर, पिज्जा, और आइसक्रीम, इस मौसम में नुकसानदायक हो सकता है, क्योंकि यह पेट से संबंधित समस्याओं को बढ़ा सकता है। उन्होंने बताया कि यदि बच्चे को दस्त की शिकायत हो, तो तुरंत ओआरएस का घोल देना शुरू करें और चिकित्सक से संपर्क करें। डॉ. तिवारी ने कहा कि मौसमी बदलाव के कारण फ्लू का खतरा भी बढ़ता है, जिसे चिकित्सकीय भाषा में फ्लू सीजन कहा जाता है। इस दौरान बच्चों में सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारियां आम हो जाती हैं। इसे रोकने के लिए बच्चों को भीड़भाड़ वाली जगहों पर ले जाने से बचें और उनके हाथों को बार-बार साबुन से धुलवाएं। डॉ. तिवारी ने पानी के लिए मिट्टी के घड़े के उपयोग की सलाह दी, क्योंकि यह पानी को प्राकृतिक रूप से ठंडा और स्वच्छ रखता है। उन्होंने फ्रिज के अत्यधिक ठंडे पानी से परहेज करने को कहा, क्योंकि यह गले और पेट की समस्याएं पैदा कर सकता है। डॉ. तिवारी ने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों के स्वास्थ्य पर नजर रखें और छोटी-सी लापरवाही को भी गंभीरता से लें। उन्होंने कहा कि सही खान-पान, नियमित जलयोजन और स्वच्छता के उपाय अपनाकर बच्चों को गर्मी की बीमारियों से आसानी से बचाया जा सकता है। यह सलाह न केवल बच्चों, बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी है, ताकि गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य बना रहे।

# केंद्रीय मंत्री ने जन चौपालों के माध्यम से आमजन की समस्याएं सुनी



छतरपुर। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री एवं सांसद डॉ. वीरेंद्र कुमार ने अपने तीन दिवसीय छतरपुर जिले के दौरे के तहत शुक्रवार को महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में जनचौपालों का आयोजन कर जनता की समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर ही समाधान किया। सुबह 10 बजे टटम पंचायत की बेटी विदाई वाटिका में आयोजित जनचौपाल में केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने ग्रामीणों से सीधे संवाद किया। इसके बाद दोपहर 12 बजे गौर, फिर ग्राम खुर्दा और शाम 4 बजे चुरवारी पंचायत भवन में जनचौपालों के माध्यम से जनसमस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। इन जनचौपालों में एसडीएम नौगांव जी.एस. पटेल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, धीरेंद्र शिवहरे, राकेश पाठक, रूपकिशोर पाठक, रवि त्रिपाठी, रामसेवक पटेल, धीरेंद्र सिंह बुंदेला, ठाकुरदास पटेल, राजेश नापित भी मौजूद रहे।

# नशाखोरी और अवैध मादक पदार्थ बिक्री पर पुलिस की सख्त कार्रवाई

61 के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज

**छतरपुर।** छतरपुर पुलिस ने मध्यप्रदेश सरकार के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन, संग्रह, बिक्री और नशाखोरी के खिलाफ रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान जिले भर में ताबड़तोड़ कार्रवाई की। इस अभियान में 61 आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए, जिससे नशे के कारोबार और सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी पर अंकुश लगाने की दिशा में मजबूत कदम उठाया गया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन के नेतृत्व में सभी पुलिस अधिकारियों ने रात्रि भ्रमण कर अभियान को अंजाम दिया। पिछले कुछ महीनों में छतरपुर पुलिस ने एनडीपीएस अधिनियम के तहत 64 और आबकारी अधिनियम के तहत 2000 से अधिक प्रकरण दर्ज किए हैं। इस दौरान 52 क्विंटल से अधिक अफीम के पौधे, 800 किलोग्राम गांजा, 500 से अधिक नशीली सिरप की शीशियां, 200 से अधिक नशीली टैबलेट और इंजेक्शन, तथा 15,000 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है। रात्रि पेट्रोलिंग के तहत नौगांव थाना क्षेत्र में 8, कोतवाली और गढ़ीमलहरा में 5-5, बमीठा, महाराजपुर और लवकुशनगर में 3-3, जबकि ओरछा रोड, हरपालपुर, अलीपुरा, गुलगंज, सटई, खजुराहो, राजनगर, गौरिहार और चंदला में 2-2 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

### छह आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

# 24 घंटे के भीतर अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश



छतरपुर। कोतवाली पुलिस ने चक्षु अभियान के तहत सीसीटीवी फुटेज की मदद से 24 घंटे के भीतर अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरोह ने नगर की दो दुकानों-एक आभूषण और दूसरी बैग पर्स की दुकान में चोरी की थी। पुलिस ने सोने के आभूषण, नकदी, पर्स और ऑटो वाहन सहित करीब 3 लाख रुपये का माल बरामद किया। दो दिन पहले कोतवाली क्षेत्र में उपभोक्ता भंडार के पास आभूषण की दुकान और गांधी चौक से हटवारा के बीच बैग पर्स की दुकान में चोरी की घटनाएं हुई थीं। कोतवाली पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता के तहत चोरी के दो अलग-अलग मामले दर्ज किए। दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों और चक्षु अभियान के तहत स्थापित कैमरों से पुलिस को फुटेज मिले, जिसके आधार पर चोर गिरोह की पहचान हुई। पुलिस ने चौराहों और मार्गों के फुटेज खंगालकर बमीठा की ओर जाने वाले एक ऑटो को ट्रेस किया। सरानी फोरलेन ओवरब्रिज पर सतना रजिस्टर्ड बजाज ऑटो को रोककर चार महिलाओं पानवती केवट, मीना देवी केवट, ज्ञानमती निषाद, और ऑटो चालक अनुराग गुप्ता सहित दो नाबालिग किशोरियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में चोरी का माल, जिसमें सोने की बालियां, पर्स, 13,900 रुपये नकद और ऑटो वाहन शामिल था, बरामद हुआ। आरोपियों को न्यायालय और किशोरियों को बाल न्यायालय में पेश किया जा रहा है। कार्यवाही में नगर पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा, थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी, बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय सहित अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका रही।

# अपराध घटित करने की शंका होने पर 6 शस्त्र लायसेंस धारकों के लायसेंस होंगे निरस्त

### जिला दण्डाधिकारी ने 20 मई को संबंधित को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के दिए आदेश

छतरपुर। जिला दण्डाधिकारी पार्थ जैसवाल ने पुलिस अधीक्षक छतरपुर द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर 6 शस्त्र लायसेंस धारकों के शस्त्र लायसेंस निरस्त करने के संबंध में 20 मई 2025 को दोपहर 3 बजे कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी छतरपुर के न्यायालय में स्वयं अथवा जरिये अधिवक्ता उपस्थित होकर अपना पक्ष समर्थन प्रस्तुत करने के लिए आदेशित किया है।

*पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित थानों से प्राप्त प्रस्ताव में थाना कोतवाली अंतर्गत शकील अहमद तनय असफाक खां निवासी छतरपुर के लायसेंस में दर्ज शस्त्र भरतल एक नली, आसिफ खान तनय जीमल खान निवासी नजर बाग छतरपुर 12 बोर दो नली, मोहम्मद इरफान तनय मोहम्मद इम्तयाज निवासी नारायण बाग छतरपुर का शस्त्र 315 बोर रायफल और थाना राजनगर अंतर्गत हामिद अली तनय बाहिद अली निवासी खुशहाली मुहल्ला का शस्त्र 12 बोर दो नली, हिसाबी लाल पटेल तनय परमेश्वरी दयाल पटेल निवासी डिगोनी का शस्त्र 12 बोर दो नली एवं थाना ईशानगर अंतर्गत धनुषपाल सिंह तनय सरदार सिंह ठाकुर निवासी ग्राम नदगांयकला का शस्त्र 12 बोर दो नली द्वारा शस्त्र का दुरउपयोग कर लायसेंस नियमों का उल्लंघन किया गया है। साथ ही भविष्य में गंभीर घटना घटित कर सकता है। संबंधित पर विभिन्न धाराओं में अपराध भी पंजीबद्ध है। संबंधित द्वारा अपना पक्ष नियत दिनांक और समय पर प्रस्तुत नही करने की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।*

### मुआवजे की मांग को लेकर ग्रामीणों ने हाईवे पर चक्का जाम



छतरपुर। गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के उजरा गांव में सागर-कानपुर हाईवे पर शुक्रवार को ग्रामीणों ने फोर लाइन सड़क निर्माण के लिए ली जा रही जमीन और मकानों के उचित मुआवजे की मांग को लेकर चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया। इससे हाईवे पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि हाईवे के फोर लाइन विस्तार के लिए उनकी जमीन और मकान अधिग्रहित किए जा रहे हैं, लेकिन मुआवजे की दरें बेहद कम हैं, जो उनकी आजीविका के लिए नाकाफी हैं। उजरा गांव के किसानों और प्रभावित परिवारों ने सुबह से हाईवे पर जाम लगा दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि मुआवजे की दरों को बढ़ाया जाए और उनकी मांगों पर तत्काल विचार किया जाए। जाम के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही गढ़ीमलहरा पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। पुलिस ने यातायात बहाल करने के लिए जाम हटाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीण अपनी मांगों पर अड़े रहे। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया और प्रशासनिक अधिकारियों को सूचित किया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे।

## खबर संक्षेप

### युवा संगम कार्यक्रम 26 मई को आईटीआई रीवा में

**रीवा।** जिले के शासकीय आईटीआई रीवा में 26 मई को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। युवा संगम कार्यक्रम के तहत आयोजित रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 10 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में ट्रायडेन्ट कंपनी बुधनी, सीहोर, शक्ति पंप इंडिया लि. पीथमपुर धार, ग्रोफास्ट एग्रिटेक प्रा. लि. जबलपुर, प्रगतिशील एग्रोटेक प्रा. लि. रीवा, एचडीएफसी लाइफ इश्योरेन्स कंपनी लिमि. रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा. लि. रीवा, महिन्द्रा एण्ड महिन्द्रा नासिक महाराष्ट्र, ख्याति शील्ड वेन्टुरेज प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़, विन्ध्या टेलीलिंक लि. चोरहटा रीवा तथा कन्टेम्परेरी सर्विसेज कॉर्पोरेशन इंडिया प्रा. लि. (सीएससी) इंदौर में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

### फर्जी अंकसूची के आधार पर नौकरी करने का मामला उजागर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया, कई दिनों से इस बारे में शिकायतें प्राप्त हुई थी कि अनेक शिक्षक ऐसे है जिन्होंने फर्जी अंकसूची के आधार पर कथित रूप से शासकीय सेवा प्राप्त की है। इस संबंध में उन्होनें बताया कि अब तक कुल 40 शिकायतें प्राप्त हुई है, जो की जांच में है। 40 शिक्षकों के प्रकरण है और इन 40 प्रकरण में से 24 प्रकरण ऐसे है जिनमें ये तथ्य सामने आ गया है की ये मार्कशीट फर्जी है। इसका मतलब है की इन 24 प्रकरण में जो विश्वविद्यालय है जहाँ से भी डिग्री उनकी ली गई थी उसमें जानकारी आ गई की ये डिग्री सही नहीं है जो प्रस्तुत की गई। कलेक्टर श्री कोचर ने इस संबंध में बताया 24 प्रकरणों में ही जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से पुलिस अधीक्षक को इस बारे में प्रतिवेदन भेज दिया गया है, इन प्रकरणो में एफ.आई.आर दर्ज करने के लिए। इसीलिए प्रथम दृष्टया इसमें आपराधिक स्थिति का संज्ञान लेने की स्थिति बनने के कारण 24 प्रकरण पुलिस को भेजे गए।

## तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर: महिला की मौत, परिजनों ने हादसे को बताया जानबूझकर किया गया हमला





**रीवा।** जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के पहड़िया गांव में शुक्रवार देर शाम उस वक्त हड़कंप मच गया, जब तेज रफ्तार बाइक सवार ने सड़क किनारे खड़े तीन ग्रामीणों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मृतका की पहचान श्यामकली पाल उम्र लगभग 55 वर्ष के रूप में हुई है। हादसे के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है, वहीं परिजनों ने इसे सामान्य दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है। परिजनों का कहना है कि यह महज एक हादसा नहीं, बल्कि जानबूझकर की गई साजिश है। परिजनों ने बताया कि श्यामकली पाल कुछ दिन पहले गांव में हुई एक चोरी की घटना के बाद लगातार सक्रिय थीं और उन्होंने उस मामले में मध्यस्थता की थी। चोरी के शक की सुई गांव के ही एक युवक पर गई थी, जिससे विवाद बढ़ गया था।घटना की सूचना मिलते ही रायपुर कर्चुलियान पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में हत्या का एंगल भी खंगाला जा रहा है और आरोपी की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है। घटना स्थल से कुछ साक्ष्य जुटाए गए हैं और सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।बॉक्स बुधवार की रात हुआ था विवादपरिजनों ने बताया कि बुधवार की रात पाल परिवार और आरोपी पक्ष के बीच जमकर बहस और कहासुनी हुई थी। बात इतनी बढ़ी कि मारपीट की नौबत आ गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया और घायलों को अस्पताल भिजवाया था। माना जा रहा है कि उसी विवाद के चलते यह हमला किया गया है।

## नहर में डूबने से प्रधान आरक्षक की मौत एसडीआरएफ टीम ने बरामद किया शव



**रीवा ।** जिले बिछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत नहर में डूबे प्रधान आरक्षक का चौथे दिन शव बरामद हुआ है। एसडीआरएफ टीम ने गुरुवार को शव को बाहर निकाला। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवा दिया। पुलिस लाइन में पदस्थ प्रधान आरक्षक पुष्पेन्द्र कोल अपने एक अन्य साथी के साथ मंगलवार की शाम सिलपरा नहर में घूमने गए थे। उस दौरान पैर फिसलने से वे पानी में गिर गए। शोर शराबा सुनकर जब तक स्थानीय लोग पहुंचते, तब तक वे गहरे पानी में समा चुके थे। पुलिस और एसडीआरएफ टीम घटना के बाद से सर्चिंग कर रही थी लेकिन उनका पता नहीं चल पाया। बुधवार को पुलिस ने नहर का पानी बंद कराया था। इससे गुरुवार को जलस्तर कम हो गया। एसडीआरएफ टीम ने मुबह से सर्चिंग शुरू कर दी। दोपहर करीब 12 बजे शव बरामद हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्थानान्तरण के लिए 21 मई तक होंगे ऑनलाइन आवेदन, लोक शिक्षण संचालनालय ने जारी किए निर्देश




**रीवा।** आयुक्त लोक शिक्षण ने स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के स्वैच्छिक स्थानान्तरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की निर्धारित तिथि में वृद्धि कर दी है। लोक शिक्षण संचालनालय के जारी निर्देशानुसार स्वैच्छिक स्थानान्तरण के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि पूर्व में 16 मई 2025 तक नियत थी जिसे बढ़ाकर 21 मई 2025 कर दिया गया है। तथा ऑनलाइन स्थानान्तरण आदेश जारी करने की तिथि 20 मई से बढ़ाकर 25 मई कर दी गई है। इस आशय के निर्देश आयुक्त लोक शिक्षण द्वारा 15 मई को कलेक्टर, जिला सीईओ, संभागीय संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि शासन ने एक माह (मई) के लिए ट्रांसफर पर से बैन हटा लिया है। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकों एवं अतिशेष शिक्षकों को स्वैच्छिक स्थानान्तरण के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए आदेशित किया गया है।

## सावधानी ही डेंगू से बचने का सबसे अच्छा उपाय

**रीवा ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव के मार्गदर्शन तथा गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट के सहयोग से फैमिली हेल्थ इंडिया एवं जिला स्वास्थ समिति रीवा के संयुक्त तत्वावधान में क्रियान्वित एंबेड परियोजना के तहत डेंगू दिवस के अंतर्गत जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है।



जिला समन्वयक एंबेड परियोजना कंचन सिंह द्वारा डेंगू से बचाव हेतु जानकारी देते हुए बताया की डेंगू पर रोकथाम और नियंत्रण के लिए मच्छर को पनपने से रोक कर हम इस बीमारी से खुद के साथ घर-परिवार को सुरक्षित बना सकते हैं। मानसून में बारिश शुरू होने के साथ डेंगू संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। वर्षा के ठहरे हुए पानी में डेंगू के मच्छर पनपते है,जिसकी वजह से यह बीमारी तेजी से फैलती है । इसलिए जरुरी ही की निवास स्थानों के आसपास कही भी पानी जमा न होने दे , फुल कपड़े पहने ,मच्छर रोधी साधनों का प्रयोग करें।आज राष्ट्रीय डेंगू दिवस के उपलक्ष में ज़िला चिकित्सालय मीटिंग हाल में आशा कार्यकताओं को डेंगू उन्मूलन हेतु किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिला मलेरिया अधिकारी द्वारा की गई। इसी क्रम में एंबेड परियोजना द्वारा चिराहुला संजीवनी में कैनोपी लगा डेंगू जागरूकता शिविर लगाया गया। एंबेड परियोजना स्वास्थ विभाग के साथ मिल कर घरों में लार्वा सर्वे कर रही है, ताकि बीमारी पर नियंत्रण रखा जा सके और प्रसार होने से रोका जा सके।

## हाईवे बना लुटेरों का हॉटस्पॉट, दिनदहाड़े दो महिलाओं के पर्स छीने, रायपुर कर्चुलियान व गुढ़ थाने में मामले दर्ज



**रीवा।** जिले के हाईवे मार्ग पर झपटमार लुटेरे एक बार फिर सक्रिय हो गए हैं। बीते सोमवार को एक ही दिन में दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में महिलाओं से पर्स लूट की घटनाएं सामने आई हैं। बाइक पर सवार बदमाशों ने तेज रफ्तार में महिलाओं को निशाना बनाया और पर्स छीनकर फरार हो गए। इनमें से एक घटना में दंपत्ति सड़क पर गिरकर घायल हो गया। लूट की इन घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं, वहीं लोगों में भय का माहौल गहरा गया है। घटनाओं के बाद पीड़ितों ने संबंधित थानों में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अब तक कोई भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है। लगातार होती इन वारदातों के बाद आमजन में भय और नाराजगी का माहौल है। लोगों का कहना है कि पुलिस की गश्त केवल कागजों में है और अपराधियों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। वही दोनों वारदातों की कार्यप्रणाली लगभग एक जैसी है तेज रफ्तार बाइक, पीछे बैठे युवक द्वारा झपट्टा और लूट के बाद हाईवे से भागना। इससे यह आशंका गहराई है कि इन घटनाओं के पीछे कोई संगठित गिरोह सक्रिय है, जो हाईवे पर अकेली या असहाय दिखने वाली महिलाओं को टारगेट कर रहा है। **महिला के कंधे से झपटा पर्स, गिरने से आईं गंभीर चोटें:** पहली वारदात गुढ़ थाना क्षेत्र के चौडियार मोड़ के पास हुई, जहां पाली निवासी पूर्णिमा पांडेय अपने पति नितिन पांडेय के साथ बाइक से रीवा आ रही थीं। जैसे ही उनकी बाइक चौडियार मोड़ के नजदीक पहुंची, पीछे से तेज रफ्तार में आई बाइक पर सवार दो युवकों ने महिला के कंधे से झपट्टा मारते हुए पर्स छीन लिया। झपटमारी के कारण बाइक असंतुलित हो गई और दंपत्ति सड़क पर गिर पड़े। महिला को सिर, हाथ और पीठ में गंभीर चोटें आईं, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित के अनुसार, पर्स में दो सोने के मंगलसूत्र, एक सोने की चेन, करीब पांच हजार रुपये नकद और मोबाइल चार्जर था। **वैवाहिक कार्यक्रम में जा रही महिला से लूट:** दूसरी घटना रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के रायपुर कल्याण रोड की है। मनगवां के सहेबा गांव निवासी एक महिला अपने देवर नारायण पांडेय के साथ वैवाहिक समारोह में शामिल होने जा रही थी। जैसे ही उनकी बाइक जोगनिहाई टोल प्लाजा को पार कर कुछ दूर पहुंची, पीछे से एक अन्य बाइक पर आए दो लुटेरों ने झपट्टा मारकर महिला का पर्स लूट लिया और तेजी से फरार हो गए।पीड़िता के अनुसार, पर्स में 2200 रुपये नकद, सोने की अंगूठी, कान के झुमके और एक मोबाइल फोन था। लुटेरे मनगवां की ओर भाग निकले। पीड़ितों ने लुटेरों का पीछा करने की कोशिश की लेकिन वे तेज रफ्तार में आंखों से ओझल हो गए।बॉक्स पहले भी हो चुकी हैं ऐसी घटनाएंहाईवे पर इस तरह की झपटमारी की घटनाएं नई नहीं हैं। कुछ महीने पहले भी गुढ़ क्षेत्र में महिला से पर्स लूट की वारदात सामने आई थी, जिसमें महिला बाइक से गिरकर घायल हुई थी। उस मामले में भी लुटेरे आज तक पकड़ से बाहर हैं।

## गौधाम हिनौती: निर्माणाधीन कार्यों व संचालन व्यवस्था की कलेक्टर ने समीक्षा की



**रीवा ।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बसामन मामा गौवंश वन्य बिहार एवं गौधाम हिनौती के संचालन संधारण व्यवस्थाओं तथा निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि बसामन मामा गौवन्य बिहार में बाउंड्रीबाल निर्माण, मृत पशुओं के निष्पादन की इकाई लगाने के कार्य शीघ्रता से करायें। उन्होंने कहा कि गत दिनों उप मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिये गये निर्देशों का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने हिनौती गौधाम में शेड निर्माण, प्रशासनिक भवन निर्माण सहित अन्य निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी लेते हुए कार्यों को गति देकर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम सिरमौर राजेश सिन्हा, उप संचालक पशु चिकित्सा डॉ. राजेश मिश्रा डॉ. संजय सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संजय गांधी अस्पताल के डॉक्टरों ने ऑपरेशन बाद लौटाई ज्योति,मरीज के आंख की जा चुकी थी रोशनी



रीवा

मेडिकल कालेज के नाक कान गला विभाग के डॉक्टरों ने एक बार फिर अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। कैंसर पीड़ित मरीज की नाक से सात सालों से लगातार खून बह रहा था जिसके चलते उसके आंख की रोशनी भी जा चुकी थी। आंख की रोशनी जाने से उसके जीवन में पूरी तरह से अंधेरा छा चुका था लेकिन मेडिकल कालेज के नाक कान गला विभाग के प्रोफेसर डॉ मोहम्मद अशरफ ने मरीज का न केवल सफल ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई अपितु उसकी खोई हुई रोशनी को लौटाकर उसके जीवन में एक बार फिर से उजाला ला दिया। मरीज रीवा जिले केपिपरवार निवासी कमल प्रसाद मिश्रा है जिनकी उम्र 86 वर्ष है। वही एक और कैंसर पीड़ित मरीज की डॉ अशरफ एवं उनकी टीम द्वारा सफल सर्जरी की गई। 70 वर्षीय खिलाड़ी कोल निवासी नवागांव के ओंठ में गहरा घाव था। परिजन उपचार कराने कई जगह लेकर गए लेकिन आराम नहीं मिलने पर उसे लेकर डॉ अशरफ के पास पहुंचे जिसकी सफल सर्जरी की गई। ऑपरेशन के दौरान इन दोनों मरीजों को बेहोशी नहीं दी गई थी। जिस जगह सर्जरी की जानी थी उस जगह को सुन्न कर दिया गया था। इस सफल ऑपरेशन को करने में प्रोफेसर डॉ मोहम्मद अशरफ के साथ डॉ यास्मीन, डॉ अभिषेक, डॉ खुमा, डॉ शीतल सोनी, डॉ प्रिया प्रकाश सिंह और डॉ आकांक्षा का नाम प्रमुख है।

## कलेक्टर ने बीएलओ को किया निलंबित

**रीवा** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सिरमौर विधानसभा क्षेत्र मतदान केन्द्र क्रमांक 238 क्योटी के बीएलओ, सहायक शिक्षक रामाधार मिश्र को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। मतदाता सूची में संशोधन के कार्य में फार्म 8 में मकान नम्बर संशोधन के लिए मिथ्या अनुशंसा करने पर एसडीएम सिरमौर के प्रतिवेदन के आधार पर निलंबन की कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में श्री मिश्र का मुख्यालय एसडीएम कार्यालय सिरमौर रहेगा। उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा।

## मऊगंज अधिवक्ता संघ ने कटनी पुलिस अधीक्षक के धमकी के आरोप मे ज्ञापन



**मऊगंज:** पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत कुमार रंजन पर धमकाने के लगे आरोप पर मऊगंज जिला अधिवक्ता संघ ने न्यायिक जांच कराने की मांग के साथ मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर मऊगंज को ज्ञापन दिया है कटनी पुलिस अधीक्षक ने मध्यप्रदेश तहसीलदार संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.शैलेन्द्र शर्मा को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी है यह घटना प्रशासनिक मर्यादाओं और कानून व्यवस्था के लिए अत्यंत चिंताजनक बताई गई है डॉ. शर्मा न केवल एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी हैं बल्कि वे मऊगंज जिला न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता राम लखन शर्मा के सुपुत्र हैं ज्ञापन में कहा गया है कि प्रशासनिक अधिकारी के साथ इस प्रकार का व्यवहार सुरक्षा और न्याय पर सवाल खड़ा करता है ज्ञापन में अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष हरिहर प्रसाद शुक्ला उमेश द्विवेदी पंकज मिश्रा विपिन मिश्रा शिव शंकर मिश्रा रामजस मिश्रा प्रदीप मिश्रा सहित कई अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में लगातार किए जा रहे जल संरक्षण के कार्य



**रीवा ।** रीवा और मऊगंज जिले में 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य लगातार किए जा रहे हैं। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जनपद पंचायत गंगेव में सहायक यंत्री ने ग्राम पंचायत पढुआ में लेआउट देकर अमृत सरोवर का निर्माण शुरू कराया। जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत पटेहरा में किसान रविशंकर शुक्ला द्वारा 1.48 लाख रुपए की लागत खेत तालाब का निर्माण कराया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर परिषद मऊगंज द्वारा जन अभियान परिषद के सहयोग से निहाई नदी में साफ-सफाई एवं गहरी करण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ-साथ मऊगंज नगर परिषद द्वारा आमजनता के सहयोग से मऊ तालाब में साफ-सफाई का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत सरई सेंगर में उपयंत्री अंकिता मिश्रा द्वारा खेत तालाब का निरीक्षण किया गया। मऊगंज जिले की जनपद पंचायत नईगढ़ी की ग्राम पंचायत बहेरा ननकार में भी तीन खेत तालाबों का निर्माण किया जा रहा है। इसी गांव में ट्यूबवेल और कुएं में रिचार्जपिट बनाने का कार्य किया जा रहा है। जनपद पंचायत त्योंथर की ग्राम पंचायत कोनीखुर्द में तीन ट्यूबवेल में रिचार्ज पिट का निर्माण पूरा हो गया है। अभियान के तहत ग्राम पंचायत उमरी में महिला स्वसहायता समूहों के सदस्यों ने रैली निकालकर जल संरक्षण के संदेश दिए।



## मऊगंज के खटखरी में सूखे कुएं में गिरे 75 वर्षीय बुजुर्ग

मऊगंज

*जिले के हनुमना जनपद पंचायत के खटखरी ग्राम पंचायत में आज दोपहर 03 बजे हड़कंप मच गया जब गांव के ही 75 वर्षीय बुजुर्ग रामगोपाल कुशवाहा अचानक पुराने सूखे कुएं में गिर गए। घटना की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई और राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया।सूचना मिलते ही जिला प्रशासन सक्रिय हो गया और तत्काल राहत एवं बचाव दल को मौके के लिए रवाना किया गया। साथ ही एसडीईआरएफ (SDRF) को भी सूचित किया गया। प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, बुजुर्ग को सुरक्षित निकालने के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन के चलते कुएं के चारों ओर सुरक्षा घेरे बनाए गए हैं ताकि भीड़ के कारण राहत कार्य में कोई बाधा न आए।*

### ग्रामीणों में चिंता का माहौल

*घटना से गांव में अफरा-तफरी का माहौल है। ग्रामीण लगातार प्रशासन से बुजुर्ग को सुरक्षित बाहर निकालने की अपील कर रहे हैं। प्रशासन ने लोगों से संयम बनाए रखने और सहयोग करने की अपील की है।*